भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1513
जिसका उत्तर मंगलवार 03 मई, 2016 को दिया जाना है

घाटे में चल रहा बीबीयूएनएल

1513. श्री कपिल मोरेश्वर पाटील:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत भारी उद्योग निगम लिमिटेड (बीबीयूएनएल) और इसकी सहायक कंपनियां घाटे में चल रही हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का बीबीयूएनएल के पुनरुद्धार का कोई प्रस्ताव है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) उक्त कंपनी का पुनरुद्धार कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्धेश्वर)

(क): जी, नहीं। भारत भारी उद्योग निगम लिमिटेड (बीबीयूएनएल) का इसकी सहायक कंपनी 'ब्रेथवेट बर्न एंड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड' (बीबीजे) में विलय होने के बाद से अब इसका नाम बीबीजे हो गया है। बीबीजे (पहले बीबीयूएनएल) एक लाभ अर्जित कर रही कंपनी है और इसकी कोई सहायक कंपनी नहीं है।

(ख): उपर्युक्त (क) को देखते हुए लागू नहीं होता।

(ग): उपर्युक्त (क) को देखते हुए लागू नहीं होता।

(घ): उपर्युक्त (क) को देखते हुए लागू नहीं होता।

(ङ): उपर्युक्त (क) को देखते हुए लागू नहीं होता।

*****